Seventeenth Loksabha

Need to send a Central team for assessment and grant of compensation to flood affected people in Uttar Pradesh

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदय, उत्तर प्रदेश में बूढ़ी राप्ती नदी, राप्ती नदी और गंडक नदी के बढ़ते स्तर के कारण सिद्धार्थनगर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व बाढ़ की समस्या आ गई थी। बाढ़ के कारण सिद्धार्थनगर के 580 गाँव बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 21 जिलों के 2,235 गाँव लगातार बारिश, नदियों के उफान और तटबंध टूटने के कारण जलमग्न हो गये।

महोदय, अक्टूबर के पहले 12 दिनों में, यूपी ने सामूहिक रूप से 145.3 MM बारिश दर्ज की है, जो कि सामान्य बारिश की तुलना में 657% अतिरिक्त बारिश है। प्रभावित जिलों में मेरा अपना सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती आदि जिले शामिल हैं। महोदय, इस बाढ़ से करीब उत्तर प्रदेश के 13.5 लाख लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं । बाढ़ के कारण किसानों की धान की फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई है।

अतः मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि उत्तर प्रदेश के किसानों और गरीब लोगों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य में एक केन्द्रीय अध्ययन टीम भेजने का कष्ट करे। वह अध्ययन दल उचित आकलन के बाद किसानों व अन्य लोगों को उचित मुआवजा दिलाने का कार्य सुनिश्चित करे।